संख्या–2286/18–4–10–7(5)/92

प्रेषक,

के0डी0 त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एंव निदेशक उद्योग
उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।

लघु उद्योग अनुभाग–4

लखनऊ दिनांक 28 जून,2010

विषय–वित्तीय वर्ष 2010–11 हेतु योजना ''राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना'' के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृत निर्गत करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उद्योग निदेशालय के पत्र संख्या–234/यू.पी.टी.पी.ए./बजट, दिनांक 24.06.2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय ''राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना''योजना हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक अनुदान संख्या–3 में प्राविधानित धनराशि रूपये 65,00,000.00 (रूपये पैसठ लाख मात्र) के व्यय के लिए (संलग्न विवरण के अनुसार) निम्नांकित शर्तो पर उद्योग निदेशक उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

1. उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि सक्षम अधिकारी द्वारा सुनियोजित कार्य में व्यय के लिए वास्तविक मांग पर यथा आवश्यकता उपलब्ध करायी जायेगी।

2. स्वीकृत धनराशि केवल स्वीकृत योजना में योजना के उपखण्डों में व्यवस्थित धनराशि के सापेक्ष ही व्यय की जायेगी। किसी भी दशा में इसका उपयोग अन्य मदों/अन्य योजनाओं के कियान्वयन हेतु नही किया जायेगा।

3. योजना का कार्यान्वयन एवं इस सम्बधं में व्यय करते समय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–951/दस–2010–231/2010, दिनांक 26 मार्च, 2010 एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता सुनिश्चित कराने हेतु वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये शासनादेशों में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जायेगा।

4. प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का मदवार मासिक व्यय विवरण वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–6 एंव शासन को प्रपत्र बी–एम–13 में पूर्णता भरकर उपलब्ध कराया जायेगा।

–2/–

5. प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार (लेखा परीक्षा)–प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद तथा शासन को धनराशि व्यय किये जाने के एक माह के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6. उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक अनुदान संख्या–3 उद्योग विभाग (लघु उद्योग एंव निर्यात प्रोत्साहन) के लेखा शीर्षक–"2851–ग्राम तथा लघु उद्योग–आयोजनेत्तर–800– अन्य व्यय, 03– राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना, 19–विज्ञापन बिकी और विख्यापन व्यय के नामे डाला जायेगा।

7. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय–ज्ञाप संख्या–बी–1–951/दस–2010–231/2010, दिनांक 26 मार्च, 2010 में दिये गये निर्देशानुसार जारी किया जा रहा हैं ।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

(के0 डी0 त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या–2286(1)/18–4–10–7(5)/92 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार(लेखा परीक्षा–।) सी0ए0एस0एस0–3/टी0डी0ए0 कोऑर्डिनेशन, उ0प्र0 इलाहाबाद ।
3. महालेखाकार (लेखा/हकदारी) उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. निर्यात आयुक्त, निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, लखनऊ।
5. कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
6. वित्त नियंत्रक, उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।
8. लघु उद्योग अनुभाग–3/वित्त ई–6/वित्त–आय व्ययक अनुभाग–1/ नियोजन अनुभाग–4
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राकेश कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या-2286 /18-4-2010-7(5)/92 तद्दिनांक

भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2010 में होने वाले मदवार व्यय विवरण।

क्र. स.	मद का नाम	व्यय की अनुमानित धनराशि
1.	टेलीफोन मेले का आयोजन तथा वर्षभर के प्रति	35,000.00
2	स्टेशनरी/पोस्टेज, फोटो स्टेट आदि पर व्यय	40,000.00
3	आई0टी0पी0ओ0 को भुगतान लाइसेंस फीस के प्रति पावर का उपभोग वाटर एवं मलवा चार्जेज, प्रेस कान्फेस, कैटलाग इन्ट्री एवं प्रवेश टिकटों का कय	36,00,000.00
4	मेले के दौरान मण्डप का बीमा	18,000.00
5	पेट्रोल, डीजल एवं सर्विसिंग	20,000.00
6	उ0प्र0 दिवस उद्घघाटन एवं समापन समारोह	5,00,000.00
7	इन्वर्टर एवं फायर फाइटिंग सिस्टम की व्यवस्था	20,000.00
8	वी0आई0पी0 स्वागत सत्कार	75,000.00
9	फोटोग्राफी पर व्यय	25,000.00
10.	प्रिन्टिंग एवं विज्ञापन पर व्यय	25,000.00
11.	आटो रिक्शा एवं टैक्सी	45,000.00
12.	मेले के दौरान सफाई सामग्री एवं सफाई कर्मचारी इत्यादि पर व्यय	20,000.00
13.	सिक्योरटी गार्ड के प्रति भुगतान पूर्ण वर्ष एवं मण्डप की अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था हेतु सी0सी0टी0वी0 सिस्टम की स्थापना	4,50,000.00
14.	स्वीपर पूर्ण वर्ष	45,000.00
15.	विविध व्यय	20,000.00
16.	सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन	1,00,000.00
17.	कार्यालय का रख-रखाव फर्नीचर इत्यादि पर व्यय	42,000.00
18.	अधिकारियों एवं कर्मचारियों का यात्रा व्यय	1,70,000.00
19.	मण्डप का रख रखाव (विद्युतीकरण)	3,00,000.00
20.	सिविल वर्क का रख रखाव तथा मण्डप पर दीवारों की पेंन्टिंग	7,00,000.00
21.	थीम के अनुसार आन्तरिक एवं वाहृय सज्जा पर व्यय एव मण्डप पर फूलो से सजावट तथा प्लान्टेंशन	2,50,000.00
	योग	65,00,000.00

(रू0 पैंसठ लाख मात्र)

(राकेश कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।